# पाठ - 19

# हमारे साथी जानवर

---

## हमारे साथी जानवर

**Q1. वाक्यों को सही क्रम में डालो**

**1. पीटर ने चिड़िया को प्यार से सहलाया।**

**2. बच्चों ने देखा एक चिड़िया उनकी कक्षा में चक्कर लगा रही है।**

**3. नवजोत और अली जल्दी से जाकर एक कटोरी में पानी ले आए।**

**4. फुर्र..................की आवाज के साथ चिड़िया कक्षा से बाहर उड़ गई।**

**5. चिड़िया पंखे से कट गई।**

**उत्तर :**

1.बच्चों ने देखा एक चिड़िया उनकी कक्षा में चक्कर लगा रही है।

2. चिड़िया पंखे से कट गई।

3. पीटर ने चिड़िया को प्यार से सहलाया।

4. नवजोत और अली जल्दी से जाकर एक कटोरी में पानी ले आए।

5. फुर्र ....... की आवाज के साथ चिड़िया कक्षा से बाहर उड़ गई|

**Q2. सोचो, मालिनी ने क्या किया होगा?**

**उत्तर :** मालिनी ने बिल्ली के बच्चे को उसकी माँ को लौटा दिया होगा।

**Q3. अब मीनू के घर के लोग क्या करेंगे?**

**उत्तर :** वे घाव को पानी से धोएँगे और कोई दवाई लगाएँगे।

**Q4. चंद्रू धोबी अपने गधे का बहुत ध्यान रखता है। गधा भी तो उसके बहुत सारे काम करता है। चित्रों को देखकर लिखो कि चंद्रू अपने गधे के लिए क्या-क्या करता है?**

**उत्तर :** चंद्रू गधे को नहलाता है।

• चंद्रू गधे को घास खिलाता है।

• चंद्रू गधे को पानी पिलाता है।

• चंदू गधे को फूलों से सजाता है।

**Q5. क्या तुम्हारे घर या पड़ोस में किसी के यहाँ कोई पालतू जानवर है? कौन-सा?**

**उत्तर :** हाँ, मेरे पास एक पालतू कुत्ता है।

**Q5. क्या तुम उसे किसी प्यार के नाम से पुकारते हो? किस नाम से?**

**उत्तर :** टाइगर

**Q7. तुम क्या करते हो जब तुम्हारे पालतू जानवर को**

**• भूख लगती है .........**

**• गर्मी या ठंड लगती है........**

**• कोई परेशान करता है।.........**

**• चोट लगती है .............**

**उत्तर :** भूख लगती है : बिस्किट या माँस खाने के लिए देता हूँ।

• गर्मी या ठंड लगती है : ठंड में मैं कुत्ते को कंबल में लपेट देता हूँ और गर्मी में नहला देता हूँ।

• कोई परेशान करता है : उस आदमी को मना करता हूँ।

• चोट लगती है : कुत्ते को जानवरों के डॉक्टरों के पास ले जाता हैं।

**Q8. हम कुछ जानवरों को पालते हैं। उनकी देखभाल भी करते हैं। तालिका में कुछ जानवरों के नाम हैं, जिन्हें पाला जाता है। तालिका को पूरा करो।**

**उत्तर :**

| जानवर का नाम | इन्हें क्यों पालते हैं |
|---|---|
| *कुत्ता* | *घर की रखवाली करता है।* |
| *गाय* | *दूध देती है।* |
| *घोड़ा* | *गाड़ी खींचता है।* |
| *बैल* | *खेत जोतता है।* |
| *मुर्गी* | *अंडे देती हैं।* |

**Q9. तुम इन जानवरों को खाना क्यों खिलाते हो?**

**उत्तर :** मुझे इन जानवरों को खाना खिलाना अच्छा लगता है।

**Q10. किस जानवर को सबसे ज्यादा बच्चों ने खाना खिलाया है?**

**उत्तर :** कुत्ते को।

**Q11. उसे क्या-क्या खिलाया?**

**उत्तर :** बिस्किट।


**Q12. देखो, क्या तुम्हारी तालिका में इनके भी नाम हैं? पता करो ये क्या खाते हैं?**

**उत्तर :**

| जानवर | खाना |
|---|---|
| चूहा | रोटी, अनाज |
| कॉकरोच | बचा हुआ खाना, छोटे कीड़े |
| छछुंदर | छोटे कीड़े, बचा हुआ खाना |
| मकड़ी | छोटे कीड़े |
| छिपकली | कीड़े |
| कौआ | हर खाने वाली चीज, ये सर्वाहारी हैं। |
| गिलहरी | हर खाने वाली चीज, ये सर्वाहारी हैं। |
| बंदर | हर खाने वाली चीज, ये सर्वाहारी हैं। |
| सूअर | कचरे में पड़ी हर चीज, ये सर्वाहारी हैं। |

**Q13. कौन क्या खाता है? उसे लाइन खींचकर मिलाओ। एक उदाहरण दिया है।**

**उत्तर :**




**Q14. तालिका में जानवरों के नाम लिखो।**

**उत्तर :**

| ऐसे जानवर जिन्हें तुमने छुआ है | ऐसे जानवर जिन्हें तुमने छुआ नहीं है पर छू सकते हो | ऐसे जानवर जिन्हें तुम छू नहीं सकते |
|---|---|---|
| कबूतर | हाथी | शेर |
| कुत्ता | घोड़ा | साँप |
| बिल्ली | ऊँट | मगरमच्छ |
| खरगोश | गाय | बाघ |